पावर हाउस बाजार के व्यवसायियों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे, सुव्यवस्थित तरीके से पार्किंग होने के साथ ही जाम से भी मिलेगा निजात

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्केट पावर हाउस के सब्जी , फल मार्केट एवं समीपस्थ अन्य बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने सायं काल किया। पूरे बाजार क्षेत्र का 3 घंटे तक कलेक्टर ने निरीक्षण कर मार्केट में सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दुकानदारों के द्वारा सामग्री विक्रय के लिए अतिरिक्त रूप से सड़क बाधा करते हुए विक्रय के लिए लगाए गए स्टॉल को हटवाने के निर्देश दिए , उन्होंने कहा कि बाजार में आने-जाने वाले खरीदारों को इससे अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं उन्होंने मार्केट के व्यवसायियों से भी बाजार को सुव्यवस्थित करने पर चर्चा की और सहयोग करने कहा। कलेक्टर ने निरीक्षण में देखा की शहर का प्रमुख मार्केट होने के कारण और नेशनल हाईवे से लगे होने के कारण तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यवसायियो के वाहन बाजार क्षेत्र के भीतर एवं सड़कों के किनारे ही खड़ी हो रही है जिससे यातायात प्रभावित होने तथा दुर्घटनाओं की संभावना हो सकती है , इसके बेहतर विकल्प के रूप में पावर हाउस में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे के रिक्त स्थान पर पावर हाउस मार्केट के व्यापारियों के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था करने के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। पावर हाउस मार्केट के सामने सड़कों के किनारे लगे हुए ठेले को उचित तरीके से व्यवस्थित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। कलेक्टर श्री मीणा ने निरीक्षण के दौरान पाया कि एंप्लॉयमेंट भवन , सब्जी मंडी सुलभ शौचालय के समीप की लाइट बंद है जिसे उन्होंने तत्काल चालू करने के निर्देश मौके पर दिए , उन्होंने कहा कि ऐसे बंद लाइटों की निरंतरता पर जांच करते हुए लाइट को चालू कराएं। जवाहर मार्केट एवं सर्कुलर मार्केट का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और उन्होंने यहां पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था देखी। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने महात्मा गांधी नगर बीएसपी पानी टंकी के चारों तरफ के पार्किंग को बड़ा करवाने के निर्देश दिए , ताकि सड़कों पर जाम की स्थिति न हो और बेहतर पार्किंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मार्केट क्षेत्र के सभी सुलभ शौचालय स्वच्छ होने चाहिए इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश उन्होंने दिए। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि मुख्य सड़कों के अलावा अंदरूनी इलाकों , बाजार क्षेत्रों में भी रोका छेका अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही करें और बाजार क्षेत्र में सुबह और रात्रि में भी कचरे का उठाव हो। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन 3 आयुक्त येशा लहरे ,जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।